

## मैच का खिलाड़ी



पाकिस्तान के बल्लेबाज फखर जमां ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 81 गेंदों पर 11 छक्के और आठ चौके की मदद से 126 रन बनाए।



आस्ट्रेलिया के गेंदबाज एडम जम्पा ने दस ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट लिए। पैट कमिंस ने भी लिए दो विकेट।

## खबर कोना

### अंक तालिका

| देश | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|
| भारत | 7 | 7 | 0 | 14 |
| द.अफ्रीका | 7 | 6 | 1 | 12 |
| आस्ट्रेलिया | 7 | 5 | 2 | 10 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 4 | 4 | 8 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 8 |
| अफगानिस्तान | 7 | 4 | 3 | 8 |
| श्रीलंका | 7 | 2 | 5 | 4 |
| नीदरलैंड | 7 | 2 | 5 | 4 |
| बांग्लादेश | 7 | 1 | 6 | 2 |
| इंगलैंड | 7 | 1 | 6 | 2 |



*कोलकाता:* ईडन गार्डंस में शनिवार को अभ्यास सत्र के दौरान फुटबाल खेलते दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकाक।

# डकवर्थ लुईस पद्धति से जीता पाकिस्तान, फखर का शतक

बंगलुरु, 4 नवंबर (भाषा)।

पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज फखर जमां (नाबाद 126 रन) के शतक की बदौलत शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित विश्व कप मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति (डीएलएस) से 21 रन से हरा कर अपनी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद कायम रखी।

न्यूजीलैंड ने बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद रचिन रविंद्र (108 रन) के शतक और कप्तान केन विलियमसन (95 रन) के अर्धशतक से छह विकेट पर 401 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान को बार-बार हुई बारिश के कारण 41 ओवर में 342 रन का संशोधित लक्ष्य मिला लेकिन फिर बारिश आ गई। तब तक पाकिस्तान ने 25.3 ओवर में एक विकेट गंवा कर 200 रन बना लिए थे। उसके लिए तब जमां 126 रन (81 गेंद, 11 छक्के, आठ चौके) और कप्तान बाबर आजम नाबाद 66 रन (63 गेंद, छह चौके, दो छक्के) बनाकर खेल रहे थे।

पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक (4) का विकेट सस्ते में गंवा दिया लेकिन इसके बाद जमां और बाबर ने कोई झटका नहीं लगने दिया। जमां ने ट्रेंट बोल्ट के तीसरे ओवर में दो चौके और एक छक्का जड़कर अपने इरादे जाहिर कर दिए थे, जिसके बाद बाबर भी इसी लय में बल्लेबाजी करने लगे।

जब पहली बार बारिश आई तब भी पाकिस्तानी टीम 21.3 ओवर में एक विकेट पर 160 रन बना कर डीएलएस स्कोर से दस रन से आगे थी पर इसके बाद फिर मैच शुरू हुआ और उन्हें 41 ओवर में 342 रन का लक्ष्य मिला। इस ब्रेक का जमां की लय पर कोई असर नहीं पड़ा। ईश सोढी ने दो ओवर में 32 रन गंवा दिए, जिसमें जमां ने दो गगनचुंबी छक्के जड़े थे। फिर से तेज बारिश शुरू हो गई और तब भी पाकिस्तानी टीम 21 रन से आगे थी। इससे पहले चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच पर पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों का प्रदर्शन दमदार नहीं रहा और वे ज्यादा 'वैरिएशन' नहीं कर सके, जिससे रविंद्र और विलियमसन ने न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद दूसरे विकेट के लिए 180 रन की साझेदारी से बड़े स्कोर की मजबूत नींव रखी। रविंद्र ने 94 गेंद में 15 चौके और एक छक्के से टूर्नामेंट में अपना तीसरा शतक जड़ा, जबकि विलियमसन ने 79 गेंद में 10 चौके और दो छक्के जड़े। यह इस टूर्नामेंट में दूसरी बार है जब स्कोर 400 रन के पार पहुंचा।

नई दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका ने पहले मैच में श्रीलंका के खिलाफ पांच विकेट पर 428 रन बनाकर 2015 में आस्ट्रेलिया का रेकार्ड तोड़ दिया था। पाकिस्तान (छह अंक) को अगर अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचना है तो उसे अगला लक्ष्य 35.2 ओवर में हासिल करना होगा। न्यूजीलैंड (आठ अंक) अभी चौथे स्थान पर है।

### न्यूजीलैंड 21 रन से हारा

*न्यूजीलैंड* ने छह विकेट के नुकसान पर बनाए थे 401 रन।

*बल्लेबाज* रचिन रविंद्र (108 रन) और केन विलियमसन ने खेली 95 रनों की शानदार पारी।

*पाकिस्तान* ने 25.3 ओवर में एक विकेट गंवा कर 200 रन बनाए थे।

*बल्लेबाज* जमां नाबाद 126 रन और आजम ने नाबाद 66 रन बनाए।

*मुकाबले* के दौरान पाकिस्तान की पारी में दो बार हुई बारिश।

*गेंदबाजों* का शुरुआत में रहा खराब प्रदर्शन। मोहम्मद वसीम ने लिए तीन विकेट। हसन अली, अहमद और हारिश राऊफ को भी मिली एक-एक सफलता।





फखर जमां

### 21 रनों से आगे था पाकिस्तान

पाकिस्तान डीएलएस स्कोर के हिसाब से 21 रन से आगे चल रहा था, जिससे टीम ने दो जरूरी अंक हासिल किए। 25.3 ओवर में न्यूजीलैंड ने 179 रन बनाए थे। पाक के अब आठ मैचों में आठ अंक हो गए हैं, जो न्यूजीलैंड के बराबर हैं। अफगानिस्तान के भी 8 अंक हैं।

# इंग्लैंड को हरा कर आस्ट्रेलिया अंक तालिका में तीसरे पायदान पर बरकरार

अहमदाबाद, 4 नवंबर (एजंसी)।

एडम जम्पा (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी और मार्नस लाबुशेन की अद्भुत बल्लेबाजी की मदद से आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 33 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ आस्ट्रेलिया ने अंक तालिका में तीसरे पायदान पर अपने आप को मजबूती के साथ बरकरार रखा है। दोनों टीमों के बीच विश्व कप का 36वां मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शनिवार को खेला गया।

आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 ओवर में दस विकेट के नुकसान पर 286 रन बनाए थे। बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने 83 गेंदों पर 71 रनों की पारी खेली। वहीं, स्टीव स्मिथ और कैमरून ग्रीन ने क्रमशः 44 और 47 रनों की पारी खेली। हालांकि, अन्य बल्लेबाज ज्यादा रन नहीं बना सके। गेंदबाज क्रिस वोक्स ने 54 रन देकर चार विकेट झटके। वहीं, मार्क वुड और आदिल राशिद को दो-दो सफलताएं मिलीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरे इंग्लैंड के बल्लेबाज ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके और एक-एक कर पवेलियन वापस लौट गए।

बल्लेबाज डेविड मलान (50 रन) और बेन स्टोक्स (64 रन) ने अर्धशतक जड़ा। हालांकि, मोइन अली ने 42 रन की पारी खेली। अन्य कोई भी बल्लेबाज ज्यादा रन नहीं बना सका। गेंदबाज एडम जम्पा ने तीन विकेट लिए। स्टार्क, हेजलवुड और कमिंस को 2-2 सफलताएं मिलीं।

### 33 रनों से मिली जीत

*आस्ट्रेलिया* ने 49.3 ओवर में बनाए थे 286 रन। इंग्लैंड ने 48.1 ओवर में बनाए 253 रन।

# द अफ्रीका से आज मुकाबला, जीत की लय कायम रखने उतरेगा भारत

कोलकाता, 4 नवंबर (एजंसी)।

लगातार सात जीत के साथ आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम को इस विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के रूप में पहली कठिन चुनौती मिलने जा रही है। शीर्ष दो टीमों के बीच रविवार को 'फाइनल से पहले फाइनल' माने जा रहे इस मुकाबले में 'बर्थडे ब्वाय' विराट कोहली पर सभी की नजरें होंगी। दोनों टीमों के बीच यह मैच दोपहर दो बजे से खेला जाएगा।

करीब 65000 की दर्शक क्षमता वाले ऐतिहासिक ईडन गार्डंस पर होने वाला यह मैच भारत के लिए इस टूर्नामेंट की सबसे कठिन चुनौती है क्योंकि नीदरलैंड के खिलाफ एक मैच को छोड़कर दक्षिण अफ्रीका ने सभी छह मुकाबले जीते हैं।

### भारत की तेज गेंदबाजी से दहशत

गेंदबाजी की अगर बात करें तो जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी दोनों ने पांच से कम की इकोनामी रेट से क्रमशः 15 और 14 विकेट लिए हैं। बुमराह ने जहां सभी सात मैच खेले हैं तो शमी ने तीन मैचों में ही यह कमाल कर शुरुआती मैचों में उन्हें बाहर रखे जाने के फैसले पर सवाल खड़े किए हैं। श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच में मोहम्मद सिराज ने भी सात ओवर में सिर्फ 16 रन देकर तीन अहम विकेट चटकाए थे, जिसकी वजह से श्रीलंकाई टीम 55 रन पर ढेर हो गई थी।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
Hamesha Aapke Liye

ACE
सिद्धि • सहयोग • समृद्धि



(₹ लाख में)

**30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही / छमाही के लिए गैर-लेखापरीक्षित स्टैंडअलोन/समेकित वित्तीय परिणाम**

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष |
| | | 30.09.2023 | 30.09.2022 | 30.09.2023 | 30.09.2022 | 31.03.2023 | 30.09.2023 | 30.09.2022 | 30.09.2023 | 30.09.2022 | 31.03.2023 |
| | | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 3203275 | 2308003 | 6191082 | 4319955 | 9961438 | 3576600 | 2632049 | 6908413 | 4789725 | 11077798 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ/ (हानि) (कर पूर्व, अपवादात्मक और/ या असाधारण मदें) | 585915 | 440349 | 1173669 | 724621 | 1972664 | 602277 | 441782 | 1224026 | 728931 | 2056454 |
| 3 | अवधि के लिए कर पूर्व निवल लाभ/ (हानि) (अपवादात्मक और/ या असाधारण मदों के बाद) | 585915 | 440349 | 1173669 | 724621 | 1972664 | 602277 | 441782 | 1224026 | 728931 | 2056454 |
| 4 | अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/ या असाधारण मदों के बाद) (नोट 2 का संदर्भ लें) | 425289 | 331342 | 832296 | 548155 | 1410962 | 439431 | 340047 | 884641 | 534437 | 1490520 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल हैं] | नोट 3 का संदर्भ लें | | | | | | | | | |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 |
| 7 | आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) | | | | | 9132662 | | | | | 9813076 |
| 8 | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | 3131215 | 3131215 | 3131215 | 3131215 | 3131215 | 3143095 | 3143095 | 3143095 | 3143095 | 3143095 |
| 9 | निवल मालियत | 8617448 | 6777530 | 8617448 | 6777530 | 7695107 | 9186323 | 7233156 | 9186323 | 7233156 | 8218643 |
| 10 | प्रदत्त कर्ज पूंजी/बकाया कर्ज** | 2311150 | 2311150 | 2311150 | 2311150 | 2311150 | 2347194 | 2349694 | 2347194 | 2349694 | 2347194 |
| 11 | बकाया प्रतिदेय अधिमानी शेयर | लागू नहीं | | | | | | | | | |
| 12 | कर्ज इक्विटी अनुपात * | 0.34 | 0.49 | 0.34 | 0.49 | 0.43 | 0.39 | 0.52 | 0.39 | 0.52 | 0.47 |
| 13 | प्रति शेयर अर्जन (प्रति ₹ 2/- का) (चालू और बंद परिचालनों के लिए) - (वार्षिकीकृत नहीं है) मूल (₹ में) डाइल्यूटेड (₹ में) | 8.22 | 6.41 | 16.09 | 10.60 | 27.28 | 8.50 | 6.58 | 17.11 | 10.33 | 28.82 |
| 14 | पूंजीगत मोचन आरक्षित निधि | लागू नहीं | | | | | | | | | |
| 15 | डिबेंचर मोचन आरक्षित निधि | लागू नहीं | | | | | | | | | |

* कर्ज एक वर्ष से अधिक की अवशिष्ट परिपक्वता वाली उधार राशि को दर्शाता है. ** प्रदत्त कर्ज पूंजी/ बकाया कर्ज बैंक द्वारा जारी किए गए टियर-I एवं टियर-II बॉन्ड को दर्शाता है।

**नोट:**

1) उपर्युक्त आंकड़े सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 और 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के पास प्रस्तुत किए गए समाप्त तिमाही / छमाही के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश हैं. तिमाही / छमाही के वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com, www.nseindia.com और बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर उपलब्ध है।
2) संबंधित अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ /(हानि) में सहयोगियों से अर्जित आय का हिस्सा शामिल है एवं इसमें माइनॉरिटी ब्याज शामिल नहीं है।
3) कुल व्यापक आय एवं अन्य व्यापक आय से संबंधित जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है, क्योंकि आईएनडी-एएस अभी तक बैंक पर लागू नहीं हुआ है।

स्थान : मुंबई
दिनांक : 04.11.2023

लाल सिंह, कार्यपालक निदेशक | ललित त्यागी, कार्यपालक निदेशक | जयदीप दत्ता राय, कार्यपालक निदेशक | अजय के. खुराना, कार्यपालक निदेशक | देबदत्त चांद, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

**पंजीकृत कार्यालय:** बड़ौदा हाउस, पोस्ट बॉक्स नं. 506, मांडवी, बड़ौदा - 390 006 | **कॉर्पोरेट कार्यालय:** सी-26, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400 051

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. UPHIN/2007/21637, वर्ष 17 अंक 160
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा प्रकाशित और मुद्रित। दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड प्रेस, सी-26, अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित और 1/8, विवेक खंड, गोमती नगर, लखनऊ से प्रकाशित। फोनः (0522) 2391233, ई-मेलः jan.up@expressindia.com, फैक्सः (0522) 2391302,
बोर्ड अध्यक्ष : विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज* *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार।
कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com 